फिल्मों में हटाये गये दृश्यों को पुनः शामिल कर लिया जाना

2362. **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार के ध्यान में कई ऐसे मामले आये हैं जिनमें फिल्म निर्माताओं, वितरकों उन दृश्यों को पुनः अपनी फिल्मों में शामिल कर लिया जिन्हें सेंसर प्रमाण-पत्र देते समय इन फिल्मों से हटा दिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो ऐसी फिल्मों के नाम क्या-क्या हैं ;

(ग) इस प्रकार का अपराध करने के लिए चलचित्र अधिनियम, 1952 के अधीन किस प्रकार की सजा का प्रावधान किया गया है ;

(घ) क्या इस प्रकार का अपराध करने वालों के लिए और अधिक कठोर दंड की मांग करते हुए सरकार को कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ङ) यदि हां, तो इन मामलों पर क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास): (क) सरकार के नोटिस में ऐसे उदाहरण आए हैं जिनमें प्रमाणित फिल्मों में वे अंश जोड़ दिए गए थे जिन्हें केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने निकाल देने के आदेश दिए थे या जिनमें ऐसे अंश जोड़ दिए गए थे जो सेंसर बोर्ड को नहीं दिखाए गए थे।

(ख) 1990-91 के दौरान जिन फिल्मों में दृश्य जोड़ जाने की रिपोर्ट मिली हैं उनके नाम विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ग) चल-चित्र अधिनियम, 1952 में ऐसे अपराधों के लिए निर्धारित दण्ड इस प्रकार हैं :—

(1) कारावास जिसकी अवधि तीन वर्ष तक बढ़ायी जा सकती है या जुर्माना जिसे एक लाख रुपए तक बढ़ाया जा सकता है या ये दोनों हो सकते हैं।

(2) निरंतर अपराध के मामले में जुर्माने को और बढ़ाया जा सकता है, जिसे अपराध जारी रहने के दौरान प्रतिदिन 20,000/-रुपए तक बढ़ाया जा सकता है।

(घ) और (ङ) ऐसे अपराधों के लिए और कड़ी दण्ड व्यवस्था करने की मांग करते हुए विभिन्न पक्षों से सुझाव प्राप्त हुए हैं। अतः ऐसे अपराधों के लिए और कड़े दण्ड की व्यवस्था करने के प्रयोजन से चल-चित्र अधिनियम 1952 के कुछ प्रावधानों में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है।

विवरण

उन फिल्मों के नाम जिनमें प्रमाणन के बाद अश्लील दृश्य डालने की रिपोर्ट मिली है, इस प्रकार हैं :—

1990

1. थ्री ऐ लव (अंग्रेजी)
2. सिरोस्को (अंग्रेजी)
3. डायरी आफ फारबीडन ड्रीमस् (अंग्रेजी)
4. गार्डेन आफ ईडन (अंग्रेजी)
5. एण्ड गॉड क्रियेटेड वूमन (अंग्रेजी)
6. ट्रेलर आफ पौटलेच (अंग्रेजी)
7. ट्रेलर आफ हालोआ (अंग्रेजी)
8. ट्रेलर आफ गार्डेन आफ ईडन (अंग्रेजी)
9. ट्रेलर आफ सास टरमीनेटर (अंग्रेजी)
10. इन्तजार की रात (हिन्दी)
11. जवानी की कुर्बानी (हिन्दी)
12. जवानी सोलवां साल की (हिन्दी) (2 प्रिंट)

13. कातिल जवानी (हिन्दी)
14. मेरी प्यास बुझाओ (हिन्दी)
15. मलायती पेन्मू (मलयालम)
16. राक्किल निम्नाकुवेन्दी (मलयालम)
17. अवसान्ते रात्रि (मलयालम)
18. आईराम चिराकुल्ला मोहम (मलयालम)
19. माई डियर रोजी (मलयालम)
20. कैकेई (मलयालम)
21. कानन सुन्दरी (मलयालम)
22. अम्बादित्तेनिलोरीनी (मलयालम)
23. प्रयापूर्तिसायावरकु भट्टम (मलयालम)
24. ओपाण्डम (तमिल)

1991

1. गुमराह जवानी (हिन्दी)
2. रंगीन जवानी (हिन्दी)
3. लुट गई प्यार में (हिन्दी)
4. खून की प्यासी (हिन्दी)
5. रेशमा की जवानी (हिन्दी)
6. आग और शराब (हिन्दी)
7. 101 रातें (हिन्दी)
8. गुलाबी रातें (हिन्दी)
9. जंगल में ओए ओए (हिन्दी)
10. उर्वशी (मलयालम)
11. अपूर्व संगमम (मलयालम)
12. वी. आई. पी. (मलयालम)
13. पेडडालकू मातरामे (तेलगू)
14. अंडाला सोताकिला चिलुकालु (तेलुगू)
15. शांति मुहूर्तम (तमिल)
16. सिरोंको (अंग्रेजी)

बिलासपुर में दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र और स्टुडियो

2361. **श्री अजीत जोगी :**
श्री गोटूभाई पटेल :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश में बिलासपुर में एक दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र और दूरदर्शन स्टुडियो स्थापित करने का प्रचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो कब तक ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) मध्य प्रदेश के किन-किन अन्य स्थानों को भविष्य में इसका लाभ प्राप्त होगा ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) से (ग) बिलासपुर में एक अल्प शक्ति टी०वी० ट्रांसमीटर पहले ही कार्यरत है । अतः साधनों की सीमित उपलब्धता को देखते हुए बिलासपुर में टी० वी० स्टुडियो स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।